MA Hindi Code No (440)

1574

**16P/237/3**

Question Booklet No.......................

*(To be filled up by the candidate by blue/black ball-point pen)*

Roll No. | | | | | | | | | | |

Roll No.
*(Write the digits in words)* ....................................................................................................

Serial No. of OMR Answer Sheet ............(2016).............

Day and Date ................................................................. ........................................

(Signature of Invigilator)

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

(Use only **blue/black ball-point pen** in the space above and on both sides of the Answer *Sheet)*

1. Within 30 minutes of the issue of the Question Booklet, check the Question Booklet to ensure that it contains all the pages in correct sequence and that no page/question is missing. In case of faulty Question Booklet bring it to the notice of the Superintendent/Invigilators immediately to obtain a fresh Question Booklet.
2. Do not bring any loose paper, written or blank, inside the Examination Hall *except the Admit Card without its envelope.*
3. A separate Answer Sheet is given. *It should not be folded or mutilated. A second Answer Sheet shall not be provided. Only the Answer Sheet will be evaluated.*
4. Write your *Roll Number and Serial Number of the Answer Sheet by pen* in the space provided above.
5. **On the front page of the Answer Sheet, write by pen your Roll Number in the space provided at the top, and by darkening the circles at the bottom. Also, wherever applicable, write the Question Booklet Number and the Set Number in appropriate places.**
6. No overwriting is allowed in the entries of Roll No., Question Booklet No. and Set No. (if any) on OMR sheet *and also Roll No.* and OMR Sheet No. on the Question Booklet.
7. Any change in the aforesaid entries is to be verified by the invigilator, otherwise it will be taken as unfair means.
8. Each question in this Booklet is followed by four alternative answers. *For each question, you are to record the correct option on the Answer Sheet by darkening the appropriate circle* in the corresponding row of the Answer Sheet, by ball-point pen as mentioned in the guidelines given on the first page of the Answer Sheet.
9. For each question, darken only one circle on the Answer Sheet. If you darken more than one circle or darken a circle partially, the answer will be treated as incorrect.
10. *Note that the answer once filled in ink cannot be changed.* If you *do not wish to attempt* a question, leave all the circles in the corresponding row blank (such question will be awarded zero mark).
11. For rough work, use the inner back page of the title cover and the blank page at the end of this Booklet.
12. Deposit *only the OMR Answer Sheet* at the end of the Test.
13. You are not permitted to leave the Examination Hall until the end of the Test.
14. If a candidate attempts to use any form of unfair means, he/she shall be liable to such punishment as the University may determine and impose on him/her.

[उपर्युक्त निर्देश हिन्दी में अन्तिम आवरण-पृष्ठ पर दिये गए हैं]

35

[No. of Printed Pages : 24+2

**No. of Questions/प्रश्नों की संख्या : 150**

**Time/समय** : 2 Hours/घण्टे **Full Marks/पूर्णांक** : 450

***Note :*** *(1)* Attempt as many questions as you can. Each question *carries* **3** *marks*. **One** mark will be deducted for each incorrect answer. Zero mark will be awarded for each unattempted question.

अधिकाधिक प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न करें। प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए **एक** अंक काटा जाएगा। प्रत्येक अनुत्तरित प्रश्न का प्राप्तांक शून्य होगा।

*(2)* If more than one alternative answers seem to be approximate to the correct answer, choose the closest one.

यदि एकाधिक वैकल्पिक उत्तर सही उत्तर के निकट प्रतीत हों, तो निकटतम सही उत्तर दें।

**1.** अपने से पहले लिखे हिन्दी साहित्य के अधिकांश इतिहास ग्रंथों को 'कविवृत्त संग्रह मात्र' किसने कहा है?

(1) हरिऔध (2) ग्रियर्सन (3) रामकुमार वर्मा (4) रामचंद्र शुक्ल

**2.** 'प्रेमाश्रयी धारा' के रूप में रेखांकित किया गया है

(1) भक्तिकाव्य (2) सूफीकाव्य (3) रीतिकाव्य (4) चारणकाव्य

3. 'अलख' किसको कहा जाता है?

(1) रामचंद्र (2) कृष्ण (3) शिव (4) ब्रह्म

4. महामाया को 'महाठगिनी' किसने कहा?

(1) कबीर (2) दादू (3) सुंदरदास (4) गरीबदास

5. 'विज्जावइ' किस कवि का नाम है?

(1) विद्याधर (2) विद्यापति (3) विद्याचरण (4) विद्यावारिधि

6. 'जातिपांति पूछे नहिं कोई' कहने वाले पहले व्यक्ति हैं

(1) रामानुज (2) कबीर (3) रामानंद (4) रैदास

7. 'ताहि अहीर की छोहरिया, छछिया भरि छाछ पे नाच नचावै'— कवि हैं

(1) रहीम (2) रसखान (3) सूरदास (4) नंददास

8. 'पुष्टिमार्ग का जहाज' किसे कहा गया?

(1) वल्लभाचार्य (2) सूरदास (3) अलबेली अलि (4) हितहरिवंश

9. मुल्लादाऊद का काव्य किस लोकगाथा पर आधारित है?

(1) आल्हा (2) लोरिकायन (3) सोरठीबृजाभार (4) रामायण

10. रसिक सम्प्रदाय का सम्बन्ध किस धारा से है?

(1) निर्गुण (2) सूफी (3) रामकाव्य (4) कृष्णकाव्य

11. 'बरवै नायिकाभेद' के कवि हैं

(1) रहीम (2) रसखान (3) केशवदास (4) ठाकुर

12. 'प्रभुजी, तुम चंदन हम पानी' के कवि हैं

(1) कबीर (2) मीरा (3) रैदास (4) अक्षरअनन्य

13. अग्रदास किस धारा के कवि हैं?

(1) रामभक्ति (2) कृष्णभक्ति (3) संतकाव्य (4) वीरकाव्य

14. सूफी प्रेम में परमात्मा को किस रूप में देखा जाता है?

(1) प्रेमी (2) प्रेमिका (3) गुरु (4) चेला

15. 'बारहमासा' का मूल स्रोत क्या है?

(1) संस्कृत परंपरा (2) लोकचेतना (3) लोकगीत (4) लोकलाज

16. 'श्रीकृष्णगीतावली' के कवि हैं

(1) सूरदास (2) तुलसीदास (3) रहीम (4) रसखान

17. 'रामचरितमानस' के अध्यायों को किस रूपक नाम से बाँटा गया है?

(1) अध्याय (2) कांड (3) सोपान (4) खंड

**18.** 'मानस' का अर्थ है

(1) राम का मन
(2) रामभक्ति रूपी सरोवर
(3) तुलसीदास
(4) मनुष्य

**19.** 'वीरसिंह देव चरित' के रचयिता हैं

(1) केशवदास
(2) भूषण
(3) मतिराम
(4) वीरसिंह

**20.** 'रीतिमुक्त' का अर्थ है

(1) बेढंग
(2) नियम रहित
(3) शास्त्रहीन
(4) काव्यशास्त्र की शिक्षा देने वाले ग्रंथ न लिखने वाले कवि

**21.** 'बेगहि बूड़ि गई पंखिया अंखिया मधु की मखिया भई मेरी' के लेखक हैं

(1) बिहारी
(2) पद्माकर
(3) देव
(4) रत्नाकर

**22.** 'सुजानहित' के कवि हैं

(1) रसखान
(2) घनानंद
(3) बिहारी
(4) भूषण

**23.** 'रीतिसिद्ध' किस कवि को कहा जाता है?

(1) केशवदास
(2) कृपाराम
(3) बिहारी
(4) पद्माकर

24. "करि फुलेल को आचमन, मीठो कहत सराहि।
ऐ गंधी मतिमंद तू, इतर दिखावत काहि।।" में अलंकार है

(1) उपमा (2) रूपक (3) अन्योक्ति (4) उत्प्रेक्षा

25. 'भोजपुरी' किस भाषावर्ग की बोली है?

(1) बिहारी (2) ब्रजभाषा (3) कन्नौजी (4) पूर्वी हिन्दी

26. 'अवधेस के द्वारे सकारे गई, सुत गोद कै भूपति लै निकसे' का छंद है

(1) दोहा (2) कवित्त (3) सोरठा (4) सवैया

27. 'चंपक हरवा अंग मिलि अधिक सुहाय' का छंद है

(1) सोरठा (2) सवैया (3) बरवै (4) कवित्त

28. 'सिय मुख समता पाव किमि चंद बापुरो रंक' में अलंकार है

(1) रूपक (2) उत्प्रेक्षा (3) अतिशयोक्ति (4) व्यतिरेक

29. मूर्ख व्यक्ति के लिए यह कथन 'आप गधे हैं' में शब्दशक्ति है

(1) अभिधा (2) लक्षणा (3) व्यंजना (4) कोई नहीं

30. 'तीसरा सप्तक' के कवि नहीं हैं

(1) केदारनाथ सिंह
(2) मदन वात्स्यायन
(3) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
(4) शमशेर बहादुर सिंह

**31.** 'परख' के कथाकार हैं

(1) प्रेमचंद (2) जैनेन्द्र कुमार (3) अज्ञेय (4) धर्मवीर भारती

**32.** 'बलचनमा' के कथाकार हैं

(1) नागार्जुन (2) शिवप्रसाद सिंह (3) विश्वनाथ (4) केदारनाथ अग्रवाल

**33.** 'सारा लोहा उन लोगों का, अपनी केवल धार' किस कवि की पंक्ति है?

(1) धूमिल (2) प्रयाग शुक्ल (3) अरुण कमल (4) बोधिसत्त्व

**34.** 'देहाती दुनिया' के लेखक हैं

(1) प्रेमचंद (2) नागार्जुन (3) शिवपूजन सहाय (4) रूपचंद

**35.** 'भारतीय भाषा परिषद्' से पत्रिका निकलती है

(1) राष्ट्रभाषा (2) भारतीय भाषा (3) वागर्थ (4) वाङ्मय

**36.** शंभुनाथ सिंह और माहेश्वर तिवारी किस रूप में प्रसिद्ध हैं?

(1) नये कवि (2) कथाकार (3) नवगीतकार (4) नाटककार

**37.** 'रंगप्रसंग' क्या है?

(1) पत्रिका (2) नाटककार (3) नाट्यशास्त्र (4) थिएटर

**38.** मन्नू भंडारी की कौन-सी कृति उपन्यास और नाटक दोनों है?

(1) 'आपका बंटी'
(2) 'महाभोज'
(3) 'एक इंच मुस्कान'
(4) 'एक कमजोर लड़की की कहानी'

**39.** 'प्रिया नीलकंठी' के लेखक हैं

(1) भारतेन्दु
(2) रामचंद्र शुक्ल
(3) पूर्णचंद्र
(4) कुबेरनाथ राय

**40.** 'सुब्रमण्यम भारती' किस भाषा के राष्ट्रकवि हैं?

(1) मलयालम
(2) तमिल
(3) कन्नड़
(4) संस्कृत

**41.** वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है

(1) संयासी
(2) सन्यासी
(3) सन्नयासी
(4) संन्यासी

**42.** 'लालटीन की छत' के लेखक हैं

(1) यशपाल
(2) अज्ञेय
(3) निर्मल वर्मा
(4) जैनेन्द्र कुमार

**43.** 'दस द्वारे का पींजरा' की लेखिका हैं

(1) इंदु शर्मा
(2) अनामिका
(3) इंदिरा नूपुर
(4) मैत्रेयी पुष्पा

**44.** गद्य को जीवनसंग्राम की भाषा किसने कहा है?

(1) प्रेमचंद
(2) निराला
(3) राहुल सांकृत्यायन
(4) यशपाल

**45.** साहित्य को राजनीति से आगे चलने वाली मशाल किसने कहा है?

(1) प्रेमचंद (2) अज्ञेय (3) जैनेन्द्र (4) यशपाल

**46.** 'चारुचंद्रलेख' के लेखक हैं

(1) अज्ञेय

(2) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(3) प्रसाद

(4) सियाराम शरण गुप्त

**47.** 'ब्रह्मराक्षस का शिष्य' के लेखक हैं

(1) शिवप्रसाद सिंह (2) मुक्तिबोध (3) अज्ञेय (4) जैनेन्द्र

**48.** 'समांतरकहानी' का पुरस्कर्त्ता कौन है?

(1) प्रेमचंद (2) कमलेश्वर (3) अज्ञेय (4) अमरकांत

**49.** 'दिनमान' के संस्थापक संपादक थे

(1) धर्मवीर भारती (2) ज्ञानरंजन (3) लक्ष्मीमल्ल सिंघवी (4) अज्ञेय

**50.** 'हँसो हँसो, जल्दी हँसो' के कवि हैं

(1) धूमिल

(2) रघुवीर सहाय

(3) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(4) आंजनेय

51. 'अपनी धरती अपने लोग' के लेखक हैं

(1) भगवतीचरण वर्मा
(2) डॉ० रामविलास शर्मा
(3) डॉ० रमेश चंद्र शाह
(4) इलाचंद जोशी

52. 'जल टूटता हुआ' के कथाकार हैं

(1) रघुवीर सहाय
(2) रामदरश मिश्र
(3) हनुमान प्रसाद पोद्दार
(4) अनजान

53. निम्नलिखित में देशज शब्द है

(1) अग्नि
(2) दूध
(3) घाम
(4) लौटा

54. निम्नलिखित में तद्भव शब्द है

(1) भोजन
(2) पान
(3) आम
(4) स्नान

55. निम्नलिखित में जापानी भाषा का शब्द है

(1) रेस्त्रां
(2) रिक्शा
(3) डोसा
(4) इंजिन

56. 'समाजवाद बबुवा धीरे धीरे आई' के कवि हैं

(1) उदयप्रकाश
(2) धूमिल
(3) गोरख पाण्डेय
(4) धरीक्षण मिश्र

57. 'वापसी' किसकी कहानी है?

(1) उषा प्रियंवदा
(2) प्रेमचंद
(3) सुदर्शन
(4) जैनेन्द्र कुमार

**58.** 'मानवाधिकार' का अर्थ है

(1) मनुष्य को सरकार से मिला अधिकार

(2) मनुष्य को सरकारी नौकर के रूप में मिले अधिकार

(3) मनुष्य को प्रकृति से मिले अधिकार

(4) मनुष्य द्वारा दूसरों को मिले अधिकार

**59.** 'एक साथ दो नावों पर सवारी करना' का अर्थ है

(1) बहादुरी करना

(2) साहसी

(3) विपरीत स्वभाव वाले एकाधिक कार्य एकसाथ करने की कोशिश

(4) कुछ न करना

**60.** 'अपना उल्लू सीधा करना' का अर्थ है

(1) अपना स्वार्थ सिद्ध करना

(2) उल्लू को पालतू बनाना

(3) किसी को बेवकूफ कहना

(4) चापलूसी करना

**61.** 'रसमीमांसा' के लेखक हैं

(1) रामचंद्र शुक्ल

(2) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(3) आनंदवर्धन

(4) विष्णु शर्मा

62. 'रसमीमांसा' के संपादक हैं

(1) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(2) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(3) जगन्नाथ शर्मा
(4) अभिनव गुप्त

63. 'काव्य में लोकमंगल' की दृष्टि से आचार्य शुक्ल किस कवि को सर्वश्रेष्ठ मानते हैं?

(1) व्यास
(2) वाल्मीकि
(3) तुलसीदास
(4) सूरदास

64. 'संवत्सर' के लेखक हैं

(1) ज्योतिषाचार्य
(2) अज्ञेय
(3) मदन मोहन मालवीय
(4) रत्नाकर

65. 'वैष्णव जन ते तेने कहिए जे पीर पराई जाड़ें रे' के कवि हैं

(1) नरसी मेहता
(2) ज्ञानदेव
(3) नामदेव
(4) जयदेव

66. 'अपने कुल का परदा कर लो, हौं अबला बौरानी' किसकी घोषणा है?

(1) कबीर
(2) जायसी
(3) मीराबाई
(4) सहजो भाई

67. हिन्दी की किस काव्यपुस्तक में सबसे अधिक प्रकार के छंद प्रयुक्त हुए हैं?

(1) 'रामचरितमानस'
(2) 'कामायनी'
(3) 'कृष्णायन'
(4) 'रामचंद्रिका'

68. 'प्रेम की पीर का कवि' किसे कहा जाता है?

(1) जायसी
(2) कबीर
(3) घनानंद
(4) आलम

**69.** 'सोनामाटी' के लेखक हैं

(1) शिवप्रसाद गुप्त (2) विवेकी राय (3) बटरोही (4) अमरकांत

**70.** दलित साहित्य का आरंभ किस आधुनिक भारतीय भाषा से हुआ?

(1) हिन्दी (2) मराठी (3) बांग्ला (4) गुजराती

**71.** 'शंकर देव' का कार्यक्षेत्र कौन-सा था?

(1) असम (2) बंगाल (3) पंजाब (4) उत्तर प्रदेश

**72.** 'रसप्रिया' के लेखक हैं

(1) शरतचंद्र (2) फणीश्वर नाथ रेणु (3) ज्ञानेन्द्र पति (4) अश्क

**73.** 'प्राचीन भारत के कलात्मक विनोद' के लेखक हैं

(1) हजारी प्रसाद द्विवेदी (2) विष्णुकांत शास्त्री

(3) हरिऔध (4) श्यामसुंदर दास

**74.** 2011 किसकी जन्मशती का वर्ष नहीं है?

(1) अज्ञेय (2) केदारनाथ अग्रवाल (3) महादेवी वर्मा (4) नागार्जुन

**75.** 'हिंदस्वराज' रचना का शताब्दी वर्ष है

(1) 2009 (2) 2010 (3) 2011 (4) 1948

**76.** 'श्रीवर' किस लेखक का उपनाम है?

(1) विद्यानिवास मिश्र (2) श्रीनारायण चतुर्वेदी (3) नागार्जुन (4) त्रिलोचन

**77.** 'तारे जमीन पर' फिल्म का संदेश क्या है?

(1) बच्चों को शैतानी करने पर दंड मिलना चाहिए

(2) वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में मौलिक परिवर्तन अनिवार्य है

(3) हर बच्चे को चित्रकला सिखाना चाहिए

(4) बच्चों को स्कूल से दूर रखना चाहिए

**78.** आदिकाल को 'बीजवपन काल' किसने कहा है?

(1) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी (2) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(3) डॉ० नगेन्द्र (4) राहुल सांकृत्यायन

**79.** 'पउम चरिउ' किसकी रचना है?

(1) स्वयंभू (2) सरहपा (3) दलपति विजय (4) पुष्पदंत

**80.** "संतन को कहाँ सीकरी सो काम" किसकी पंक्ति है?

(1) नंददास (2) कुंभन दास (3) कबीर दास (4) परमानंद दास

**81.** 'रामचरितमानस' के वक्ता-श्रोता की संख्या है

(1) दो (2) तीन (3) चार (4) पाँच

82. "पराधीन सपनेहु सुख नाहीं" किसकी पंक्ति है?

(1) सुंदर दास (2) नंददास (3) तुलसीदास (4) कबीर दास

83. आलवार संतों की संख्या मानी गई है

(1) 12 (2) 13 (3) 15 (4) 16

84. किसकी चर्चा 'जड़िया कवि' के रूप में की जाती है?

(1) नंददास (2) अग्रदास (3) परमानंद दास (4) केशव दास

85. अद्वैतवाद के प्रवर्तक हैं

(1) मध्वाचार्य (2) पतंजलि (3) रामानुज (4) शंकराचार्य

86. "राम को रूप निहारत जानकी
कंकन के नग की परछाहीं।" तुलसी की किस रचना की पंक्तियाँ हैं?

(1) 'विनयपत्रिका' (2) 'जानकी मंगल' (3) 'कवितावली' (4) 'कृष्ण गीतावली'

87. "मन रे परसि हरि के चरन" किसकी पंक्ति है?

(1) सूरदास (2) मीराबाई (3) सहजोबाई (4) आण्डाल

88. रीतिकाल को 'शृंगार काल' किसने कहा है?

(1) आ० विश्वनाथ मिश्र (2) मिश्रबंधु

(3) रामकुमार वर्मा (4) डॉ० नगेन्द्र

**89.** बिहारीकृत 'बिहारी सतसई' में कितने दोहे हैं?

(1) 705 (2) 707 (3) 713 (4) 715

**90.** "भूषण बिन न बिराजई कविता वनिता मित्त।" किसकी पंक्ति है?

(1) बिहारी (2) मतिराम (3) देव (4) केशव

**91.** बिहारी किस राजा के राज्याश्रित कवि थे?

(1) हरि सिंह (2) जय सिंह (3) अकबर (4) जयपाल सिंह

**92.** 'रसराज' के रचयिता का नाम है

(1) मतिराम (2) ठाकुर (3) चिंतामणि (4) देव

**93.** 'कामायनी' में कितने सर्गों की योजना है?

(1) 13 सर्ग (2) 15 सर्ग (3) 17 सर्ग (4) 21 सर्ग

**94.** 'उत्तर कबीर' किसकी रचना है?

(1) डॉ० काशीनाथ सिंह (2) डॉ० नामवर सिंह

(3) केदारनाथ अग्रवाल (4) केदारनाथ सिंह

**95.** 'गीत फरोश' किसकी रचना है?

(1) भवानी प्रसाद मिश्र (2) नरेश मेहता (3) धूमिल (4) केदारनाथ मिश्र

**96.** 'चली आ रही भैंसा गाड़ी' किसकी रचना है?

(1) दिनकर (2) नीरज (3) भगवती चरण वर्मा (4) श्रीधर पाठक

**97.** 'प्रगतिशील लेखक संघ' की स्थापना कब हुई है?

(1) 1935 ई० (2) 1937 ई० (3) 1945 ई० (4) 1947 ई०

**98.** 'बावरा अहेरी' किसका प्रतीक है?

(1) चाँद (2) सूर्य (3) पृथ्वी (4) ध्रुवतारा

**99.** प्रयोगवाद को बैठे ठाले का धंधा किसने कहा है?

(1) डॉ० नामवर सिंह (2) डॉ० नगेन्द्र

(3) विजयदेव नारायण साही (4) आ० नंददुलारे वाजपेयी

**100.** जयशंकर प्रसाद कृत 'उर्वशी' कैसी रचना है?

(1) चंपू (2) महाकाव्य (3) खंडकाव्य (4) काव्य-संग्रह

**101.** पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है

(1) व्रज (2) कौरवी (3) छत्तीसगढ़ी (4) हरियाणवी

**102.** स्वामी दयानंद कृत 'सत्यार्थ प्रकाश' की रचना किस भाषा में हुई है?

(1) संस्कृत (2) अंग्रेजी (3) गुजराती (4) हिन्दी

103. हिन्दी का प्रथम महाकाव्य किसे माना गया है?

(1) 'प्रिय प्रवास' (2) 'पृथ्वीराज रासो' (3) 'कामायनी' (4) 'रामचरितमानस'

104. भारतवर्ष की प्राचीनतम लिपि है

(1) खरोष्ठी (2) ब्राह्मी (3) गुप्त (4) नागरी

105. नागरी लिपि के स्वर चिह्नों की संख्या है

(1) सोलह (2) आठ (3) नौ (4) ग्यारह

106. ओष्ठ्य नासिक्य व्यंजन है

(1) ङ (2) ण (3) न (4) म

107. उत्क्षिप्त व्यंजनध्वनि है

(1) क (2) ण (3) ढ़ (4) फ

108. हिन्दी में प्रयुक्त 'ऑ' किस भाषा की ध्वनि है?

(1) संस्कृत (2) अंग्रेजी (3) अरबी (4) पालि

109. 'ज़' किस प्रकार की ध्वनि है?

(1) संघर्षी (2) स्पर्श संघर्षी (3) स्पर्श (4) अनुनासिक

**110.** पं० कामता प्रसाद गुरु के हिन्दी व्याकरण की पुस्तक का नाम है

(1) 'हिन्दी व्याकरण'
(2) 'मानक हिन्दी व्याकरण'
(3) 'सुबोध हिन्दी व्याकरण'
(4) 'सरल हिन्दी व्याकरण'

**111.** भाषा की व्याकरणिक योग्यता प्राप्त इकाई है

(1) ध्वनि
(2) शब्द
(3) पद
(4) प्रोक्ति

**112.** हिन्दी के पाणिनी के रूप में किसे प्रसिद्धि मिली है?

(1) आ० किशोरीदास वाजपेयी
(2) पं० कामता प्रसाद गुरु
(3) डॉ० भोलानाथ तिवारी
(4) डॉ० उदय नारायण तिवारी

**113.** हिन्दी की अयोगवाह ध्वनि है

(1) अ
(2) इ
(3) ऋ
(4) अं

**114.** शुद्ध शब्द का चयन कीजिए

(1) कम्प्यूटर
(2) कंप्यूटर
(3) कमप्यूटर
(4) कम्प्युटर

**115.** संकर शब्द का चयन कीजिए

(1) वायुयान
(2) रेलगाड़ी
(3) मनभावन
(4) सफलता

**116.** शुद्ध शब्द है

(1) वर्तस्य (2) वर्त्स्य (3) वर्त्स्य (4) वतर्स्य

**117.** लालटेन किस भाषा का शब्द है?

(1) हिन्दी (2) अंग्रेजी (3) संस्कृत (4) फारसी

**118.** 'जो कभी बूढ़ा न हो' के लिए एक शब्द है

(1) अजर (2) वयोवृद्ध (3) अमर (4) अल्पायु

**119.** 'देवालय' में समास-योजना है

(1) द्वन्द्व (2) बहुव्रीहि (3) तत्पुरुष (4) द्विगु

**120.** 'जभी' का संधि-विच्छेद है

(1) ज + भी (2) जभ + ई (3) जब + ही (4) जभि + ई

**121.** 'पावक' में संधि-योजना है

(1) अयादि (2) दीर्घ (3) गुण (4) यण्

**122.** "अमित! स्कूल जाओ।" वाक्य का स्वरूप बताइए

(1) प्रश्नवाचक (2) आज्ञार्थक (3) निषेधवाचक (4) संकेतवाचक

**123.** 'कान में तेल डाल कर बैठना' का अर्थ है

(1) कान में दवा डालना (2) नींद आना

(3) सक्रिय होना (4) सुनकर भी ध्यान न देना

**124.** "अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी
आँचल में है दूध और आँखों में पानी।" में शब्द-शक्ति का स्वरूप है

(1) शाब्दी व्यंजना (2) आर्थी व्यंजना (3) अभिधा (4) लक्षणा

**125.** "कहत नटत रीझत खिझत, मिलत खिलत लजियात" में किस रस की योजना है?

(1) शांत (2) अद्भुत (3) शृंगार (4) करुण

**126.** "तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाये।" में कौन-सा अलंकार है?

(1) श्लेष (2) अनुप्रास (3) यमक (4) उत्प्रेक्षा

**127.** "माली आवत देखि कै, कलियाँ करे पुकार।
फूली-फूली चुनि लई, काल्हि हमारी बार।।" में अलंकार की योजना है

(1) अन्योक्ति (2) समासोक्ति (3) श्लेष (4) दीपक

**128.** "पीपर पात सरिस मन डोला" में उपमा अलंकार का स्वरूप है

(1) उपमेय लुप्तोपमा (2) उपमान लुप्तोपमा (3) पूर्णोपमा (4) धर्म लुप्तोपमा

129. "दिवसावसान का समय
मेघमय आसमान से उतर ही
संध्या-सुंदरी परी-सी
धीरे धीरे धीरे!" में कौन-सा अलंकार है?

(1) अतिशयोक्ति (2) मानवीकरण (3) उत्प्रेक्षा (4) निदर्शना

130. किस छंद के प्रत्येक चरण में 16 मात्राएँ होती हैं?

(1) रूपमाला (2) चौपाई (3) गीतिका (4) भुजंगप्रपात

131. किस छंद में 'दो तगण, जगण और दो गुरु' की योजना होती है?

(1) इंद्रवज्रा (2) उपेन्द्रवज्रा (3) वंशस्थ (4) मालिनी

132. "मानस मंदिर में सती, पति की प्रतिमा थाप।
जलती सी उस विरह में, बनी आरती आप।।" में किस छंद की योजना है?

(1) सोरठा (2) दोहा (3) चौपाई (4) रूपमाला

133. "बड़ा कि छोटा कुछ काम कीजै,
परंतु पूर्वा पर सोच लीजै।
बिना विचारे यदि काम होगा,
कभी न अच्छा परिणाम होगा।" में किस छंद की योजना है?

(1) गीतिका (2) चौपाई (3) मालिनी (4) उपेन्द्रवज्रा

134. "हनुमान की पूँछ में लगन न पाई आग,
सिगरी लंका जल गई, गये निशाचर भाग।" में अलंकार की योजना है

(1) उपमा (2) भ्रांतिमान (3) अतिशयोक्ति (4) रूपक

**135.** 'महाप्राण' की संज्ञा से विभूषित कवि हैं

(1) निराला (2) पंत (3) प्रसाद (4) हरिऔध

**136.** 'सूर्य' शब्द 'सुरुजु' रूप में परिवर्तित हो कर किस भाषा में प्रयुक्त हुआ है?

(1) व्रज (2) अवधी (3) मराठी (4) बंगला

**137.** "मैया मैं नहिं माखन खायौ।" किस भाषा में रचित पंक्ति है?

(1) अवधी (2) मैथिली (3) भोजपुरी (4) व्रज

**138.** संयुक्त व्यंजन आधार पर बने शब्द का चयन कीजिए

(1) गप्प (2) चाँदनी (3) रक्त (4) मंदिर

**139.** 'पथिक' किसकी रचना है?

(1) मैथिलीशरण गुप्त (2) पं० रामनरेश त्रिपाठी

(3) वियोगी हरि (4) भारतेंदु हरिश्चंद्र

**140.** मुकुटधर पाण्डेय रचित निबन्ध 'छायावाद' का प्रकाशन किस पत्रिका में हुआ था?

(1) शारदा (2) मतवाला (3) सरस्वती (4) इंदु

**141.** 'ठेले पर हिमालय' किसकी निबन्ध रचना है?

(1) विद्यानिवास मिश्र (2) अज्ञेय (3) धर्मवीर भारती (4) गोविन्द मिश्र

**142.** 'मलबे का मालिक' के रचनाकार हैं

(1) मोहन राकेश (2) अमृत राय (3) ज्ञान रंजन (4) दूधनाथ सिंह

**143.** हिन्दी का प्रथम समाचार-पत्र है

(1) बंगदूत (2) उदंत मार्तंड (3) प्रताप (4) हिन्दी प्रदीप

**144.** "जी हाँ हुजूर मैं गीत बेचता हूँ,
मैं तरह-तरह के गीत बेचता हूँ।"—पंक्तियों के रचनाकार हैं

(1) भवानी प्रसाद मिश्र (2) धर्मवीर भारती

(3) गिरजा कुमार माथुर (4) श्याम नारायण पाण्डेय

**145.** अलंकार सम्प्रदाय के संस्थापक आचार्य हैं

(1) आचार्य भामह (2) अभिनव गुप्त (3) क्षेमेन्द्र (4) कुंतक

**146.** प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन कहाँ हुआ था?

(1) मोरिशस (2) नागपुर (3) ट्रिनीडाड (4) दिल्ली

**147.** निराला की काव्य-कृति नहीं है

(1) अनामिका (2) गीतिका (3) चतुरी चमार (4) परिमल

**148.** मैथिलीशरण गुप्त के जन्मस्थान गाँव का नाम है

(1) गुड़गाँव (2) धामपुर (3) चिरगाँव (4) माधोपुर

**149.** सर्वेश्वर दयाल सक्सेना कृत 'बकरी' किस विधा की रचना है?

(1) निबन्ध (2) कहानी (3) संस्मरण (4) नाटक

**150.** "वाक्यं रसात्मकं काव्यं" किसका कथन है?

(1) विश्वनाथ (2) जगन्नाथ (3) मम्मट (4) शंकुक

***